तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शेखर दवे. **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 70/2024	

09/12/2024

अपीलार्थी शेखर दवे निवासी शंकरनगर, सांगरिया, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में पत्र दिनांक 10..08.2024 को सड़क सांगरिया पाल पशु मेला रोड़ पर दुकानदार अवैध रूप से कब्जा कर दिया से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2209 दिनांक 02.12.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 10.08.2024 में कब्जा हटाने हेतु निवेदन किया, जो समस्या समाधान श्रेणी में आता है तथा अपीलार्थी को पत्रांक 2033 दिनांक 12.08.2024 द्वारा सूचित किया जा चुका है कि आवेदन पत्र में वर्णित सूचना प्रश्नात्मक, सूचना का सृजन किये जाने एवं उन सूचनाओं की व्याख्या किये जाने से संबंधित है जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत देय नही है तथा प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जयपुर के परिपत्र दिनांक 02.02.2009 के अंतर्गत पैरा 3 के अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदन द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान करना अथवा काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नही है।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.[illegible] 8:02:09 IST
Reason: Approved

Kaj Ref No.: 12325881